दैनिक जागरण 17/02/2023

# नई शिक्षा नीति 2020 की चुनौतियों पर हुई संगोष्ठी

अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज अंबाला छावनी के प्रांगण में प्रबंधन समिति के प्रधान डा. गुरदेव सिंह की अध्यक्षता में नई शिक्षा नीति 2020 को लेकर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान प्राचार्य डा. रोहित दत्त, आइक्यूएसी की संयोजक डा. शिखा जग्गी भी मौजूद रहीं। डा. रोहित दत्त ने कहा कि हमारा लक्ष्य कालेज को सीजीपीए 3 .56 से 3 .76 को प्राप्त करना है। इसके लिए हम ऐसी नीतियों का निर्माण कर रहे हैं जो इस लक्ष्य को प्राप्त करने में हमारे लिए सहायक होगा और जीएमएन कालेज भविष्य में एक नए क्षितिज पर स्थापित होगा। वक्ता के रूप मे डा. कृष्ण कांत प्राचार्य बल्लभगढ़ कालेज ने वर्तमान समय मे उद्घोषित राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 मे कार्यशैली स्वरूप एवं परिणामों पर सार्थक उदाहरणों से प्रस्तुति प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि कुवि से इंजीनीयरिंग एवं. तकनीकी संकाय के डीन डा. अनिल कुमार वोहरा रहे। इस दौरान डा. दिनेश कुमार निदेशक आइक्यूएसी कुवि कुरुक्षेत्र, डा. प्रिया नारायण सहायक सलाहकार नैक बंगलुरु सहित डा. ज्योति मौजूद रहे।